मंदी के बीच स्टार्टअप्स से जुड़े लोगों के लिए आई राहत की खबर, जल्द मिलेंगे नौकरी के नए मौके; पढ़ें रिपोर्ट

Startups in Recession: एक्सपर्ट का कहना है कि जब कंपनियां अपने ऑफिस एरिया में विस्तार कर रही हैं तो उम्मीद की जा रही है कि वहां काम करने के लिए लोगों को हायर भी करेंगे। इसके पीछे का एक वजह और भी है, आइए जानते हैं।

Edited By: Vikash Tiwary @ivikashtiwary
Updated on: May 17, 2023 14:36 IST



Photo:FILE

Startups in Recession

Recession Companies: फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस ऑपरेटर्स ने साल 2023 के पहले तीन महीने में एनसीआर के करीब 7000 से अधिक कार्यालयों में ऑफिस डेस्क लीज पर दिए है। यह 2019 की अंतिम तिमाही के बाद से लीज पर दिए गए डेस्कों की सबसे अधिक संख्या है। जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार एजुकेशन, कंसल्टिंग और टेक्नोलॉजी कंपनियों ने फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस की डिमांड को बढ़ाया है । इसके अलावा 75 प्रतिशत सीट इंटरप्राइसेस आदि ने ली है जो अन्य इंटरप्राइसेस के लिए अच्छा विकल्प बनकर उभरा है। जेएलएल इंडिया ने यह भी बताया कि एनसीआर के ग्रॉस ऑफिस लीजिंग में फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस ऑपरेटरों द्वारा लीज पर दी गई जगह की हिस्सेदारी 2018 में 10.9% से बढ़कर 2022 में 23.8% हो गई है। उसी वर्ष के दौरान, को-वर्किंग ऑपरेटरों ने 65 प्रतिशत के साथ 21,000 से अधिक सीटों को लीज पर दिया।

स्टार्टअप्स में देखने को मिल रही ग्रोथ

जनवरी 2022 से मार्च 2023 तक फ्लेक्स ऑपरेटरों द्वारा 28,000 से अधिक सीटों को लीज पर दिया गया था, जिनमें से 67% सीटे मैनेज्ड ऑफिस तथा इंटरप्राइसेस के लिए थी। अधिकांश मांग (61%) घरेलू फर्मों द्वारा संचालित थी, जबकि स्टार्टअप्स की मांग का 38% हिस्सा था। एक्सपर्ट का कहना है कि जब कंपनियां अपने ऑफिस एरिया में विस्तार कर रही हैं तो उम्मीद की जा रही है कि वहां काम करने के लिए लोगों को हायर भी करेंगे। इसके पीछे का एक वजह वर्क फ्रॉम होम कल्चर का खत्म होना भी है। जेएलएल इंडिया ने नोट किया कि मैनेज्ड ऑफिस की मांग बढ़ रही है क्योंकि बड़े उद्यमों को ऐसे कार्यक्षेत्रों की आवश्यकता होती है जो उनके ब्रांड और डिजाइन के अनुसार हो। फ़्लेक्स स्पेस ऑपरेटर जो मैनेज्ड ऑफिस में सेवाएं प्रदान करते हैं, ग्राहकों को सभी प्रकार की सुविधएं देने तथा आवश्यकताओं के अनुरुप काम करते है।

तेजी से बढ़ रहा बाजार

वाटिका बिजनेस सेंटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीत टैंग ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एनसीआर में फ्लेक्स स्पेस स्टॉक 2019 में 6.3 मिलियन वर्ग फुट से बढ़कर 2023 की पहली तिमाही में 9.4 मिलियन वर्ग फुट हो गया है और फ्लैक्सिबल वर्कप्लेस की मांग तेजी से बढ़ रही है। महामारी ने मांग को तेज किया है। अधिक से अधिक कंपनियां मैनेज्ड ऑफिस के लाभ ले रही है। हम ग्राहकों को सभी बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।